निबंधन संख्या पी0टी0-40

सत्यमेव जयते

# बिहार गजट
## असाधारण अंक
## बिहार सरकार द्वारा प्रकाशित

**4 आश्विन 1945 (श0)**

**(सं0 पटना 767) पटना, मंगलवार, 26 सितम्बर 2023**

सामान्य प्रशासन विभाग

---

**आदेश**

**19 सितम्बर 2023**

सं० 3/एम0–22/2023सा0प्र0 17645—राज्य सरकार के विभिन्न विभागों एवं क्षेत्रीय कार्यालयों में सेवानिवृत्त एवं भविष्य में सेवानिवृत्त होने वाले सरकारी सेवकों की सेवायें संविदा के आधार पर लिए जाने हेतु सामान्य प्रशासन विभाग के संकल्प ज्ञापांक–10000 दिनांक–10.07.2015 द्वारा प्रक्रिया निर्धारित है। उक्त संकल्प के साथ संलग्न अनुसूची में सम्मिलित पदों पर ही संकल्प के प्रावधानों के तहत सेवानिवृत्त सरकारी सेवकों का संविदा के आधार पर नियोजन किया जा सकता है।

2. संकल्प की कंडिका–3(1) के प्रावधान के तहत विभिन्न विभागों से प्राप्त प्रस्तावों पर सम्यक विचारोपरांत निम्नांकित पदों को उपर्युक्त संकल्प ज्ञापांक–10000 दिनांक 10.07.15 की अनुसूची में इस शर्त्त के साथ सम्मिलित किया जाता है कि **इस पद पर सेवानिवृत्त सरकारी सेवकों का संविदा नियोजन मात्र एक वर्ष के लिए ही किया जायेगा**–

| क्र0सं0 | विभाग का नाम | संकल्प संख्या–10000 दिनांक–10.07.15 अनुसूची में सम्मिलित किये जाने वाले प्रस्तावित पद |
|---|---|---|
| 1. | गृह विभाग (आरक्षी शाखा) | बिहार पुलिस क्षेत्रीय लिपिकीय संवर्ग के–<br>(i) निम्नवर्गीय लिपिक,<br>(ii) उच्च वर्गीय लिपिक एवं<br>(iiii) प्रधान लिपिक। |
| | | बिहार पुलिस के–<br>(i) हवलदार। |
| 2. | शिक्षा विभाग | राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद्, बिहार, पटना के–<br>(i) व्याख्याता। |

3. उपरोक्त पदों पर सेवानिवृत्त सरकारी सेवक के संविदा नियोजन हेतु संकल्प ज्ञापांक–10000 दिनांक–10.07.2015 में निहित शर्त्त एवं प्रक्रिया लागू रहेंगी एवं इन पदों पर सेवा लेने के संबंध में प्रशासी विभाग द्वारा ही नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

आदेश से,
गुफरान अहमद,
सरकार के उप सचिव।

**अधीक्षक, सचिवालय मुद्रणालय,**
**बिहार, पटना द्वारा प्रकाशित एवं मुद्रित।**
**बिहार गजट (असाधारण) 767-571+10-डी0टी0पी0**
**Website: http://egazette.bih.nic.in**